दैनिक जागरण
30-12-2025

जीएमएन कालेज को मिला एनईपी क्रियान्वयन उत्कृष्टता सम्मान

अंबाला ◈विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट को हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद हरियाणा सरकार द्वारा "राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) क्रियान्वयन उत्कृष्टता सम्मान–2025" से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान महिपाल ढांडा, शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला अंबाला में जीएमएन कालेज यह सम्मान प्राप्त करने वाला एकमात्र महाविद्यालय है। यह सम्मान महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, अकादमिक नवाचार, बहुविषयक शिक्षा, कौशल आधारित पाठ्यक्रम, छात्र–केंद्रित शिक्षण पद्धतियों तथा गुणवत्ता सुधार की दिशा में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है।

कालेज प्रबंधन समिति ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान जीएमएन कालेज की शैक्षणिक उत्कृष्टता, दूरदर्शी नेतृत्व और संपूर्ण टीम के सतत परिश्रम का प्रतिफल है। कालेज प्रबंधन समिति ने महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त प्राध्यापकों, गैर–शिक्षण कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।